www.prepp.in

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन आर पी एफ - ०२/२०२४ - CEN RPF - 02/2024

Prepp
Your Personal Exams Guide

| | |
|---|---|
| Exam Date | 18/03/2025 |
| Centre Name | |
| Exam Time | 4:00 PM - 5:30 PM |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Arithmetic**

**Q.1** एक दौड़ में, एक एथलीट पहले चक्कर में 408 m की दूरी 68 सेकंड में तय करता है। वह समान लंबाई का दूसरा चक्कर 136 सेकंड में तय करता है। एथलीट की औसत चाल (m/sec में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 6
✗ 2. 1
✓ 3. 4
✗ 4. 7

**Q.2** ₹10 प्रति kg वाली चीनी को ₹49 प्रति kg वाली चीनी के साथ किस अनुपात में मिलाया जाना चाहिए ताकि मिश्रण को ₹54.6 प्रति kg पर बेचने पर 40% का लाभ हो?

**Ans**
✗ 1. 28 : 12
✓ 2. 10 : 29
✗ 3. 27 : 8
✗ 4. 31 : 11

**Q.3** एक जनरल स्टोर में, 5 kg गेहूँ के आटे के एक पैकेट का अंकित मूल्य ₹220 है। जनरल स्टोर मालिक इसे ₹200 में बेचता है। जनरल स्टोर मालिक द्वारा दी गई छूट का प्रतिशत (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) कितना है?

**Ans**
✗ 1. 8.98%
✗ 2. 8.08%
✗ 3. 9.99%
✓ 4. 9.09%

**Q.4** 10, 7 और 4 का LCM ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 1
✗ 2. 7
✓ 3. 140
✗ 4. 280

**Q.5** वह सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 20, 25, 35 और 40 से भाग देने पर क्रमशः 14, 19, 29 और 34 शेषफल प्राप्त होते हैं।

**Ans**
✗ 1. 1389
✗ 2. 1238
✗ 3. 1498
✓ 4. 1394

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.6 एक शर्ट की मूल कीमत ₹ 600 थी। अब यह ₹ 540 में बेची जा रही है। कीमत में कितने प्रतिशत की कमी हुई है?

Ans
- ✗ 1. 20%
- ✓ 2. 10%
- ✗ 3. 25%
- ✗ 4. 15%

Q.7 एक पाइप एक टंकी को 8 घंटे में भर सकता है। दूसरा पाइप भरी हुई टंकी को 72 घंटे में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टंकी का दो-तिहाई भाग भरने में कितना समय (घंटे में) लगेगा?

Ans
- ✗ 1. 24
- ✗ 2. 12
- ✗ 3. 18
- ✓ 4. 6

Q.8 एक उबर ऑटो 20 घंटे में 120 km की दूरी तय करता है। इसकी चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 6
- ✗ 2. 10
- ✗ 3. 16
- ✗ 4. 9

Q.9 निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात सबसे छोटा है?

Ans
- ✓ 1. 13 : 53
- ✗ 2. 19 : 42
- ✗ 3. 16 : 54
- ✗ 4. 25 : 39

Q.10 एक आयताकार मैदान का क्षेत्रफल $2400m^2$ है। यदि मैदान की लंबाई 80m है, तो इसका परिमाप ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 110 m
- ✓ 2. 220 m
- ✗ 3. 30 m
- ✗ 4. 210 m

Q.11 $3\frac{1}{2} + 4\frac{3}{4} - 5\frac{3}{8} + 2\frac{1}{4} - 3\frac{1}{8}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 3
- ✓ 2. 2
- ✗ 3. 5
- ✗ 4. 4

Q.12 36 cm लंबाई, 6 cm चौड़ाई और 1 cm मोटाई वाली एक धातु की शीट को पिघलाकर एक घन बनाया जाता है। घन के कोर की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 3 cm
- ✓ 2. 6 cm
- ✗ 3. 12 cm
- ✗ 4. 9 cm

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.13** दो मित्रों राकेश और शिवम की मासिक आय क्रमशः 5 : 7 के अनुपात में है और इनमें से प्रत्येक ₹87000 प्रति माह बचाता है। यदि इनके मासिक व्यय का अनुपात 1 : 3 है, तो राकेश की मासिक आय (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 152250
- ✗ 2. 107750
- ✓ 3. 108750
- ✗ 4. 109750

**Q.14** पाँच संख्याओं का योगफल 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 78 है और तीसरी संख्या 130 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ 1. 184.5
- ✗ 2. 208
- ✗ 3. 185.5
- ✗ 4. 209

**Q.15** संख्या 3785p में किस अभाज्य संख्या p को रखने से, संख्या 3 से पूर्णतः विभाज्य होगी?

**Ans**
- ✓ 1. 7
- ✗ 2. 5
- ✗ 3. 3
- ✗ 4. 1

**Q.16** हल कीजिए: 41 - [36 - {48 ÷ 2 - (5 - 6 ÷ 2) ÷ 2}]

**Ans**
- ✓ 1. 28
- ✗ 2. 27
- ✗ 3. 30
- ✗ 4. 29

**Q.17** प्रथम 118 सम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 120
- ✗ 2. 118.5
- ✗ 3. 119.5
- ✓ 4. 119

**Q.18** 10 संख्याओं का योगफल 432 है। उनका औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ 1. 43.2
- ✗ 2. 44.2
- ✗ 3. 41.2
- ✗ 4. 42.2

**Q.19** निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए:

$$\frac{(3.49)^2 - (1.71)^2}{3.49 - 1.71}$$

**Ans**
- ✗ 1. 2.48
- ✓ 2. 5.2
- ✗ 3. 4.4
- ✗ 4. 1.78

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.20 6 पुरुष किसी कार्य को 12 दिनों में पूरा कर सकते हैं जबकि 4 महिलाएँ उसी कार्य को 18 दिनों में पूरा कर सकती हैं। 2 महिलाएँ और 2 पुरुष इसे कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं?

Ans
- ✗ 1. 20 दिन
- ✓ 2. 18 दिन
- ✗ 3. 22 दिन
- ✗ 4. 23 दिन

Q.21 $14^{-10} \div 14^{13} \times 14^{-7}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. $14^{-30}$
- ✗ 2. $14^{-26}$
- ✗ 3. $14^{-37}$
- ✗ 4. $14^{-25}$

Q.22 एक बेलनाकार छड़ का बाह्य वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 1900 $cm^2$ है। यदि छड़ की लंबाई 39 cm है, तो छड़ की बाह्य त्रिज्या (cm में) दशमलव के दो स्थानों तक ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

Ans
- ✗ 1. 8.88
- ✗ 2. 6.27
- ✗ 3. 7.18
- ✓ 4. 7.75

Q.23 रेलगाड़ी A, स्टेशन M से 6:15 AM पर निकलती है और उसी दिन स्टेशन N पर 3:15 PM पर पहुँचती है। रेलगाड़ी B, स्टेशन N से 8:15 AM पर निकलती है और उसी दिन स्टेशन M पर 2:15 PM पर पहुँचती है। रेलगाड़ी A और B के मिलने का समय ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 10:24 AM
- ✓ 2. 11:03 AM
- ✗ 3. 12:53 PM
- ✗ 4. 4:34 AM

Q.24 यदि k का 35%, 25 के 1200% से 20 कम है, तो k का मान क्या है?

Ans
- ✗ 1. 840
- ✗ 2. 760
- ✗ 3. 780
- ✓ 4. 800

Q.25 अभि ने परी को ₹10,000 में एक ड्रेस बेची। परी ने इसे 20% लाभ पर मिक्की को बेचा। मिक्की ने इस पर ₹2000 व्यय करके इसका रंग-रूप बदल दिया और इस ड्रेस को स्नेहा को 10% की हानि पर बेच दिया। ड्रेस के लिए स्नेहा द्वारा भुगतान की गई राशि कितनी थी?

Ans
- ✗ 1. ₹11,950
- ✓ 2. ₹12,600
- ✗ 3. ₹14,200
- ✗ 4. ₹13,000

Q.26 अभिनव, अर्पण से तीन गुना कुशल है और किसी कार्य को अर्पण से 34 दिन कम समय में पूरा कर सकता है। उसी कार्य को अर्पण कितने दिनों में पूरा कर सकता है?

Ans
- ✓ 1. 51
- ✗ 2. 48
- ✗ 3. 54
- ✗ 4. 69

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.27 एक किराना सामान को उसके अंकित मूल्य पर 25% छूट के साथ ₹660 में बेचा गया। अंकित मूल्य कितना है?

Ans
1. ₹890
2. ₹870
3. ₹860
4. ₹880 ✔

Q.28 ₹75,000 की धनराशि पर वार्षिक रूप से चक्रवृद्धित होने वाली 10% वार्षिक ब्याज दर से 2 वर्ष बाद प्राप्त चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा?

Ans
1. ₹75,000
2. ₹90,750
3. ₹15,750 ✔
4. ₹7,500

Q.29 आयुषी और अनमोल की आयु का अनुपात क्रमशः 2 : 7 है। 4 वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात 3 : 8 होगा। उनकी वर्तमान आयु में कितना अंतर है?

Ans
1. 29
2. 20 ✔
3. 6
4. 8

Q.30 एक रसायन विज्ञान प्रयोग के लिए, वीना के पास फेरस सल्फेट के 25% विलयन वाली 60 ml मात्र है। फेरस सल्फेट का 30% विलयन बनाने के लिए उसमें 60% विलयन की कितने मिलीलीटर मात्रा मिलाई जानी चाहिए?

Ans
1. 25 ml
2. 20 ml
3. 15 ml
4. 10 ml ✔

Q.31 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए:

$$\sqrt{144} + \sqrt{0.0196} - \sqrt{6.76} =$$

Ans
1. 12.99
2. 9.54 ✔
3. 1.87
4. 2.53

Q.32 यदि एक लड़का 9 km/h की चाल से दौड़ता है, तो उसे 51 मीटर भुजा वाले वर्गाकार मैदान का एक पूर्ण चक्कर लगाने में कितने सेकंड लगेंगे?

Ans
1. 91
2. 82
3. 81.5 ✔
4. 79

Q.33 2 वर्षों में ₹18,000 पर अर्जित चक्रवृद्धि और साधारण ब्याज के बीच का अंतर ₹405 था। वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले ब्याज की दर कितने प्रतिशत थी?

Ans
1. 15% ✔
2. 16%
3. 13%
4. 12%

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.34 दो बैंक A और B क्रमशः 3.5% और 6% वार्षिक दर पर ऋण देते हैं। गोपाल, प्रत्येक बैंक से ₹360000 की राशि उधार लेता है। 4 वर्ष बाद गोपाल द्वारा दोनों बैंकों को भुगतान की गई साधारण ब्याज की राशियों के बीच धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 36000
✘ 2. 37000
✘ 3. 35500
✘ 4. 37500

Q.35 सुधीर ने ₹7,380 प्रति दर्जन की दर से कुछ सामान खरीदा। उसने इनमें से प्रत्येक को ₹575 की दर से बेचा। उसका हानि प्रतिशत कितना था? (दशमलव के दो स्थानों तक)

Ans
✔ 1. 6.50%
✘ 2. 6.96%
✘ 3. 40%
✘ 4. 23.12%

## Section : General Intelligence and Reasoning

Q.36 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी गौरैया, डॉल्फ़िन हैं।
सभी कौवे, बुलबुल हैं।
कोई बुलबुल, गौरैया नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कुछ डॉल्फ़िन, बुलबुल हैं।
(II) कोई कौवे, गौरैया नहीं है।

Ans
✘ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✘ 2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✘ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✔ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.37 डैनियल बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 12 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। वह पुनः दाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है, 1 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना होगा? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

Ans
✘ 1. 4 km दक्षिण की ओर
✘ 2. 3 km दक्षिण की ओर
✘ 3. 4 km उत्तर की ओर
✔ 4. 3 km उत्तर की ओर

Q.38 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

DGC8 FIE12 HKG16 JMI20 ?

Ans
✔ 1. LOK24
✘ 2. ILP24
✘ 3. LPI20
✘ 4. LOT23

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.39 कविश बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करते हुए 13 km पूर्व दिशा में ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है फिर दाएं मुड़ता है और 15 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएं मुड़ता है, 2 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना होगा? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✗ 1. 3 km उत्तर की ओर
✗ 2. 2 km उत्तर की ओर
✓ 3. 2 km दक्षिण की ओर
✗ 4. 3 km दक्षिण की ओर

Q.40 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं?

कथन:

कुछ बिल्लियाँ, कुत्ते हैं।

कुछ कुत्ते, हाथी हैं।

सभी मछलियाँ, हाथी हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ हाथी, बिल्लियाँ हो सकते हैं।

II. कम से कम कुछ मछलियाँ, कुत्ते हैं।

Ans
✗ 1. केवल II अनुसरण करता है
✓ 2. केवल I अनुसरण करता है
✗ 3. I और II, दोनों अनुसरण करते हैं
✗ 4. न तो I और न ही II अनुसरण करता है

Q.41 उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी संबंध को साझा करती हैं जो दिए गए संख्या-युग्मों द्वारा साझा किया गया है।
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना, आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

12, 30
16, 38

Ans
✗ 1. 11, 29
✓ 2. 10, 26
✗ 3. 12, 27
✗ 4. 15, 35

Q.42 P, Q, R, S, T, U और V एक गोल मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। R और Q के बीच केवल U बैठा है। Q, T के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। S, T के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। P, Q का निकटतम पड़ोसी नहीं है। U के दाएं से गिनने पर, P और U के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ 1. 2
✗ 2. 3
✓ 3. 4
✗ 4. 1

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.43 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

MTAH UBIP CJQX KRYF ?

Ans
✔ 1. SZGN
✘ 2. SGZN
✘ 3. SGNZ
✘ 4. SZNG

Q.44 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएँ केवल एक अंकीय संख्याएँ हैं)

(बाएं) 2 2 1 3 8 1 4 1 4 8 3 6 8 6 2 1 3 7 4 4 1 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है तथा ठीक बाद एक पूर्ण वर्ग अंक है?

Ans
✘ 1. एक
✔ 2. दो
✘ 3. तीन
✘ 4. चार

Q.45 दिए गए विकल्पों में से उस पद का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित कर सकता है।

MNX 62, SRZ 54, YVB 46, EZD 38, ?

Ans
✘ 1. JDG 28
✔ 2. KDF 30
✘ 3. JEF 30
✘ 4. KEG 28

Q.46 यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
63 ÷ 70 × 14 − 12 + 15 = ?

Ans
✘ 1. 104
✘ 2. 105
✘ 3. 106
✔ 4. 108

Q.47 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

93 182 129 161 165 140 201 119 ?

Ans
✘ 1. 221
✔ 2. 237
✘ 3. 240
✘ 4. 249

Q.48 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

919 918 915 910 903 ?

Ans
✔ 1. 894
✘ 2. 895
✘ 3. 896
✘ 4. 893


www.prepp.in





Q.49 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म एक ही पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
KGC–GCY
YUQ–UQM

Prepp
Your Personal Exams Guide

Ans
1. SNI–NJF
2. SNI–OKG
3. SOK–NKF
4. WSO–SOK

Q.50 विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए, जिसे प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर रखने पर यह शृंखला तर्कसंगत रूप से पूरी हो जाएगी।




Ans
1. 
2. 
3. 
4. 

Prepp
Your Personal Exam Guide

Q.51 किसी निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A / B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
'A ! B' का अर्थ है कि 'A, B का पति है',
'A * B' का अर्थ है कि 'A, B की माता है' और
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'M / Q × T – B + S' है, तो M का B से क्या सबंध है?

Ans
1. माता
2. पिता
3. भाई
4. बहन

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.52 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ शक्कर, गुड़ हैं।
कोई गुड़, शहद नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कुछ शक्कर, शहद हैं।
(II) कुछ गुड़, शक्कर हैं।

Ans
1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
2. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। ✔

Q.53 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता हो। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

CUS : EQV
EYA : GUC

Ans
1. AVI : CRG
2. VIK : XEM ✔
3. IHM : GDO
4. PCM : RGO

Q.54 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

21, 34, 60, 99, 151 ?

Ans
1. 218
2. 214
3. 212
4. 216 ✔

Q.55 सात बॉक्स A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। केवल G को D के ऊपर रखा गया है। D और B के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल F को C के नीचे रखा गया है। A को B के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है। G और E के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
1. 2 ✔
2. 4
3. 1
4. 3

Q.56 एक निश्चित कूट भाषा में, 'have a party' को 'ds fg rt' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'party and enjoy' को 'tr ds gf' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'party' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?

Ans
1. rt
2. gf
3. ds ✔
4. fg

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.57 M, N, O, P, Q और R एक गोल-मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। P, O के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। Q, P के दाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। R, P का निकटतम पड़ोसी नहीं है। N, Q के दाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। R के ठीक दाएं पड़ोस में कौन बैठा है?

Ans
✔ 1. N
✘ 2. P
✘ 3. Q
✘ 4. M

Q.58 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✘ 1. PR - SU
✔ 2. TU - XY
✘ 3. JL - MO
✘ 4. CE - FH

Q.59 एक निश्चित कूट भाषा में, 'ORANGE' को '321965' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'BANANA' को '496969' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या है?

Ans
✘ 1. 5
✔ 2. 9
✘ 3. 6
✘ 4. 3

Q.60 यदि '+' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए और '−' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या मान आएगा?


$40 \times 6 - 24 + 4 \div 5 = ?$

Ans
✘ 1. 12
✘ 2. 5
✔ 3. 9
✘ 4. 10

www.prepp.in


Your Personal Exams Guide

Q.61 जब दर्पण को नीचे दिखाए अनुसार, MN पर रखा जाता है, तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।





Ans


✗ 1.




✓ 2.



✗ 3.



✗ 4.



Q.62 एक निश्चित तरीके से XZ 42 का संबंध ZX 41 से है। उसी प्रकार, ST 35 का संबंध TS 34 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, QR 33 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
✗ 1. PQ 33
✓ 2. RQ 32
✗ 3. RS 32
✗ 4. RP 34

Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.63 एक निश्चित कूट भाषा में, 'DIME' को '4691' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'MADE' को '9412' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 4
2. 9
3. 1
4. 2

Q.64 निम्नलिखित संख्या, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) @ 5 7 ^ \ / 3 / $ % / * 2 # $ & \ / 3 > ^ (दाएं)
ऐसी कितनी संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद एक अन्य संख्या है?

Ans
1. एक
2. तीन
3. एक भी नहीं
4. दो

Q.65 P, Q, R, S, T, U और V एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Q के बाईं ओर से गिनने पर, P और Q के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। U, T के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। V, S के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। U, V के निकटतम दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। R, V का निकटतम पड़ोसी नहीं है। P के दाईं ओर से गिनने पर, R और P के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. 2
2. 1
3. 4
4. 3

Q.66 एक निश्चित कूट भाषा में,
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A + B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A ? B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'
A ~ B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'E ~ N ? J + O × Y' है, तो E का Y से क्या संबंध है?

Ans
1. पत्नी का भाई
2. पत्नी की बहन
3. पत्नी का पिता
4. पत्नी की माता

Q.67 उत्तर की ओर अभमुख होकर बैठे 19 छात्रों की एक पंक्ति में, रीना दाएं छोर से 8वें स्थान पर है। यदि सुनी, रीना के बाएं से 9वें स्थान पर है, तो पंक्ति के बाएं छोर से सुनी का स्थान कौन-सा है?

Ans
1. पहला
2. चौथा
3. तीसरा
4. दूसरा

Q.68 यदि '+' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए और '–' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या मान आएगा?

32 ÷ 12 − 6 × 2 + 3 = ?

Ans
1. 35
2. 30
3. 40
4. 36

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.69** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा उसके बाद आने वाले प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 2 / 5 6 @ 3 ? 8 3 7 6 * 7 # 2 7 * 9 \ $ 4 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

**Ans**
- ✗ 1. चार
- ✗ 2. एक
- ✗ 3. दो
- ✓ 4. तीन

**Q.70** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ 1. AO – PF
- ✗ 2. KY – ZP
- ✓ 3. PY – IN
- ✗ 4. QE – FV

Section : **General Awareness**

**Q.71** निम्नलिखित में से कौन-सी फसल, नाइट्रोजन स्थिरीकरण के माध्यम से, मृदा की प्राकृतिक उर्वरता बढ़ाती है?

**Ans**
- ✓ 1. दलहन
- ✗ 2. तिलहन
- ✗ 3. जड़ वाली सब्जियाँ
- ✗ 4. धान्य फसलें

**Q.72** निवेशकों का विश्वास बढ़ाने और आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए, 27 सितंबर 2024 को किन दो देशों ने द्विपक्षीय निवेश संधि (Bilateral Investment Treaty - BIT) पर हस्ताक्षर किए?

**Ans**
- ✗ 1. दक्षिण कोरिया और फ्रांस
- ✗ 2. यूएसए और फिलीपींस
- ✗ 3. श्रीलंका और केन्या
- ✓ 4. भारत और उज़्बेकिस्तान

**Q.73** अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री बने उमर अब्दुल्ला किस राजनीतिक पार्टी से संबंधित है?

**Ans**
- ✗ 1. जम्मू और कश्मीर नेशनल पैंथर्स पार्टी (Jammu and Kashmir National Panthers Party)
- ✗ 2. पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (People's Democratic Party)
- ✗ 3. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (Indian National Congress)
- ✓ 4. नेशनल कॉन्फ्रेंस (National Conference)

**Q.74** 1 kg $L^{-1}$ = ______ g $cm^{-3}$

**Ans**
- ✗ 1. 1000
- ✗ 2. 10
- ✓ 3. 1
- ✗ 4. 100

**Q.75** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की GDP में कितनी वृद्धि होने का पूर्वानुमान है?

**Ans**
- ✗ 1. 6.0%
- ✓ 2. 6.5%
- ✗ 3. 6.3%
- ✗ 4. 6.8%

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.76 2011 में, अखिल भारतीय स्तर पर लिंग-अनुपात (प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या) 943 था तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यह अनुपात ____________ था।

Ans
1. 931
2. 952
3. 929
4. 949 ✔

Q.77 राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (NCST) को संवैधानिक दर्जा किस संवैधानिक संशोधन द्वारा प्रदान किया गया?

Ans
1. 102वें संशोधन अधिनियम
2. 101वें संशोधन अधिनियम
3. 89वें संशोधन अधिनियम ✔
4. 85वें संशोधन अधिनियम

Q.78 9 से 18 वर्ष की आयु के स्कूली बच्चों में खेल प्रतिभाओं की खोज करने के उद्देश्य से मार्च 2024 में, खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन (KIRTI) प्रोग्राम का उद्घाटन कहाँ किया गया?

Ans
1. देहरादून
2. लखनऊ
3. नई दिल्ली
4. चंडीगढ़ ✔

Q.79 सर्दियों के महीनों के दौरान, भारत में मौसम की स्थिति मुख्यतः किस क्षेत्र पर उच्च दाब तंत्र से प्रभावित होती है?

Ans
1. मध्य और पूर्वी एशिया
2. मध्य और पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया
3. मध्य और पश्चिमी एशिया ✔
4. मध्य और दक्षिणी यूरोप

Q.80 जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन के 29वें कांफ्रेंस ऑफ पार्टीज (COP-29) का आयोजन, 11-22 नवंबर 2024 तक ____________ में किया गया।

Ans
1. अज़रबैजान ✔
2. इटली
3. भारत
4. कनाडा

Q.81 चेरापूंजी और मौसिनराम (वार्षिक वर्षा 1,080 cm से अधिक होती है) मेघालय की किन पहाड़ियों में स्थित हैं?

Ans
1. खासी पहाड़ियां ✔
2. शिलांग पहाड़ियां
3. गारो पहाड़ियां
4. जयंतिया पहाड़ियां

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.82 निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए।
सिंधु घाटी सभ्यता स्थल उत्खननकर्ता
(A). हड़प्पा I. आर. राव
(B). धोलावीरा II. जे. पी. जोशी
(C). सरकोटदा III. आर. एस. बिष्ट
(D). लोथल IV. दया राम साहनी

Ans
1. A-I; B-III; C-II; D-IV
2. A-II; B-IV; C-III; D-I
3. A-III; B-I; C-IV; D-II
4. A-IV; B-III; C-II; D-I ✔

Q.83 भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना निम्नलिखित में से किन शहरों के बीच निर्माणाधीन है?

Ans
1. चेन्नई - हैदराबाद
2. अहमदाबाद - मुंबई ✔
3. मुंबई - बैंगलोर
4. दिल्ली - लखनऊ

Q.84 1857 का विद्रोह कब आरंभ हुआ था?

Ans
1. 11 जून 1857
2. 11 मई 1857
3. 10 जून 1857
4. 10 मई 1857 ✔

Q.85 1906 के कलकत्ता अधिवेशन में, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लक्ष्य के रूप में निम्नलिखित में से किसने सबसे पहले स्वराज या स्व-शासन की मांग की थी?

Ans
1. ए.ओ. ह्यूम
2. दादाभाई नौरोजी ✔
3. सुभाष चंद्र बोस
4. बाल गंगाधर तिलक

Q.86 मार्च 2024 में केरल के एक स्कूल में लॉन्च किए गए भारत के पहले AI शिक्षक रोबोट (AI teacher robot) को क्या नाम दिया गया है?

Ans
1. विद्या (Vidya)
2. शालू (Shalu)
3. सोफिया (Sophia)
4. आईरिस (Iris) ✔

Q.87 थार मरुस्थल में निम्नलिखित में से किस प्रकार की वनस्पति, सामान्य रूप से पाई जाती हैं?

Ans
1. मरूद्भिदी झाड़ियाँ और घास ✔
2. मैंग्रोव
3. उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन
4. सघन शीतोष्ण वन

Q.88 भारत में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

Ans
1. राष्ट्रपति किसी भी संसदीय हस्तक्षेप के बिना किसी न्यायाधीश को हटा सकते हैं।
2. किसी न्यायाधीश को राष्ट्रपति द्वारा तय किए गए किसी भी आधार पर हटाया जा सकता है।
3. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने की प्रक्रिया सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश से भिन्न होती है।
4. किसी न्यायाधीश को संसद में विशेष बहुमत द्वारा समर्थित अभिभाषण के बाद ही हटाया जा सकता है। ✔

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.89 गैसीय चालक का उदाहरण __________ है।

Ans
1. नाइट्रोजन (nitrogen)
2. ऑक्सीजन (oxygen)
3. आर्गन (argon)
4. क्लेदित वायु (wet air) ✔

Q.90 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, नीति निदेशक सिद्धांत के रूप में अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने का प्रावधान करता है?

Ans
1. अनुच्छेद 44
2. अनुच्छेद 41
3. अनुच्छेद 48
4. अनुच्छेद 51 ✔

Q.91 'वेद' शब्द की व्युत्पत्ति निम्नलिखित में से किस मूल शब्द से हुई है?

Ans
1. वित् (Vit)
2. वेद् (Ved)
3. वेदी (Vedi)
4. विद् (Vid) ✔

Q.92 1991 के बाद भारत में आर्थिक सुधारों की मुख्य विशेषता क्या थी?

Ans
1. उद्योगों का राष्ट्रीयकरण
2. व्यापार नीतियों का उदारीकरण ✔
3. निजी क्षेत्र की भागीदारी में कमी
4. विदेशी निवेश पर सख्त नियंत्रण

Q.93 वास्तविक गैसें अपने अणुओं के बीच अंतर-आणविक अन्योन्यक्रियाओं के कारण आदर्श गैस नियम से विचलित हो जाती हैं। आदर्श गैस दाब की तुलना में वास्तविक गैस के दाब के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
1. वास्तविक गैस के दाब में कमी, संशोधन पद तक होती है जो आयतन के वर्ग के व्युत्क्रमानुपाती होता है। ✔
2. वास्तविक गैस के दाब में कमी संशोधन पद तक होती है जो आयतन के वर्ग के अनुक्रमानुपाती होता है।
3. वास्तविक गैस के दाब में वृद्धि, संशोधन पद तक होती है जो आयतन के वर्ग के अनुक्रमानुपाती होता है।
4. वास्तविक गैस के दाब में वृद्धि संशोधन पद तक होती है जो आयतन के वर्ग के व्युत्क्रमानुपाती होता है।

Q.94 भारत में इमानी शंकर शास्त्री (Emani Sankara Sastry) को निम्नलिखित में से किस संगीत वाद्ययंत्र को बजाने के लिए जाना जाता है?

Ans
1. वीणा ✔
2. सितार
3. तबला
4. बीन

Q.95 अगस्त 2024 में 'क्लाइमेट चेंजमेकर्स (Climate Changemakers)' संवाद आयोजित करने के लिए किस संगठन ने NABARD के साथ साझेदारी की?

Ans
1. विश्व बैंक (World Bank)
2. डॉयचे गेसेलशाफ्ट फर इंटरनेशनेल जुसामेनरबीट (GIZ) GmbH (Deutsche Gesellschaft für Internationale Zusammenarbeit (GIZ) GmbH) ✔
3. संयुक्त राष्ट्र (United Nations)
4. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (International Monetary Fund)

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.96 भारत सरकार ने पहली बार जेंडर बजट वक्तव्य (gender budget statement), वर्ष ________ में प्रस्तुत किया था।

Ans
1. 2001-2002
2. 2002-2003
3. 2004-2005
4. 2005-2006 ✔

Q.97 सांची स्तूप वर्तमान में निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?

Ans
1. ओडिशा
2. मध्य प्रदेश ✔
3. छत्तीसगढ
4. राजस्थान

Q.98 सितंबर 2024 में, भारत का वस्तु एवं सेवा कर (GST) संग्रह कितना था?

Ans
1. ₹1,65,000 करोड़
2. ₹1,73,240 करोड़ ✔
3. ₹1,70,500 करोड़
4. ₹1,80,000 करोड़

Q.99 बंगाल की खाड़ी से उत्पन्न होने वाले उष्णकटिबंधीय अवदाब की आवृत्ति और मार्ग मुख्यतः निम्नलिखित में से किसकी स्थिति से निर्धारित होते हैं?

Ans
1. अंतः-उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र (ITCZ) ✔
2. मकर रेखा
3. कर्क रेखा
4. भूमध्य रेखा

Q.100 कानपुर में 1857 के विद्रोह का, ब्रिटिश सेना ने किसके नेतृत्व में दमन किया था?

Ans
1. सर कॉलिन कैम्पबेल (Sir Colin Campbell) ✔
2. कर्नल ऑनसेल (Colonel Oncell)
3. जनरल ह्यूग रोज़ (General Hugh Rose)
4. जॉन निकोलसन (John Nicholson)

Q.101 भारतीय संविधान की कौन-सी अनुसूची भाषाओं से संबंधित है?

Ans
1. बारहवीं अनुसूची
2. दसवीं अनुसूची
3. आठवीं अनुसूची ✔
4. छठी अनुसूची

Q.102 अगस्त 2024 में, मद्रास उच्च न्यायालय ने निम्नलिखित में से किस धारा को असंवैधानिक घोषित किया?

Ans
1. रजिस्ट्रीकरण अधिनियम की धारा 77-A ✔
2. रजिस्ट्रीकरण अधिनियम की धारा 45
3. रजिस्ट्रीकरण अधिनियम की धारा 123
4. रजिस्ट्रीकरण अधिनियम की धारा 50

Q.103 भारत सरकार ने व्यापार में विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए 'विशेष आर्थिक क्षेत्र' की नीति की शुरुआत और घोषणा की। इसकी घोषणा वर्ष ________ में की गई थी।

Ans
1. 2005
2. 2000 ✔
3. 2007
4. 2002

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.104 भारत सरकार की स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना वर्ष 2001 में शुरू की गई थी, इस परियोजना का उद्देश्य ________ का विकास करना था।

Ans
1. जलमार्गों
2. रेलवे
3. हवाई अड्डों
4. राजमार्गों

Q.105 निम्नलिखित में से कौन-सा पवित्र ग्रंथ प्रारंभिक वैदिक काल के सामाजिक और आर्थिक जीवन के बारे में अधिकांश जानकारी प्रदान करता है?

Ans
1. वेद
2. महाभारत
3. उपनिषद
4. रामायण

Q.106 वित्तीय वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही (Q2 FY25) के लिए एचडीएफसी (HDFC) बैंक का निवल ब्याज मार्जिन (NIM) कितना था?

Ans
1. 3.46%
2. 3.47%
3. 3.55%
4. 3.50%

Q.107 गे-लुसाक के नियम के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
1. स्थिर तापमान पर गैस का दाब, उसके आयतन के व्युत्क्रमानुपाती होता है।
2. स्थिर दाब पर गैस का आयतन, उसके तापमान के अनुक्रमानुपाती होता है।
3. स्थिर आयतन पर गैस के दिए गए द्रव्यमान का दाब, उसके परम ताप के अनुक्रमानुपाती होता है।
4. गैसों के मिश्रण का कुल दाब, अलग-अलग गैसों के आंशिक दाबों के योगफल के बराबर होता है।

Q.108 भारतीय संविधान का अनुच्छेद 356 मुख्य रूप से किससे संबंधित है?

Ans
1. राष्ट्रीय आपातकाल
2. जम्मू और कश्मीर के लिए विशेष प्रावधान
3. राज्यों में राष्ट्रपति शासन
4. मौलिक कर्तव्य

Prepp Your Personal Exams Guide

Q.109 भारत में कौन-सा राज्य, कॉफी की व्यापक कृषि के लिए जाना जाता है?

Ans
1. कर्नाटक
2. महाराष्ट्र
3. असम
4. पंजाब

Q.110 मीरानंदा बारठाकुर (Meerananda Barthakur) एक प्रसिद्ध ________ नर्तकी हैं।

Ans
1. कत्थक (Kathak)
2. सत्रिया (Sattriya)
3. कुचिपुड़ी (Kuchipudi)
4. मणिपुरी (Manipuri)

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.111 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, राज्य को किसी भी सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्ग की उन्नति के लिए विशेष प्रावधान बनाने की अनुमति देता है?

Ans
1. अनुच्छेद 17
2. अनुच्छेद 15 ✔
3. अनुच्छेद 16
4. अनुच्छेद 18

Q.112 भारतीय सेना ने नवंबर 2024 में अहमदाबाद और पोरबंदर में निम्नलिखित में से कौन-सा बहुपक्षीय वार्षिक संयुक्त मानवीय सहायता और आपदा राहत (HADR) अभ्यास आयोजित किया?

Ans
1. ऑपरेशन कावेरी
2. ऑपरेशन विजय 2024
3. संयुक्त विमोचन 2024 ✔
4. ऑपरेशन करुणा

Q.113 किस अनुच्छेद में उल्लिखित है कि राज्य लोगों के कल्याण को बढ़ावा देने का प्रयास करेगा?

Ans
1. अनुच्छेद 40
2. अनुच्छेद 38 ✔
3. अनुच्छेद 39
4. अनुच्छेद 36

Q.114 निम्नलिखित में से किस युद्ध के बाद भारत में ब्रिटिश कंपनी शासन की औपचारिक शुरुआत हो गई थी?

Ans
1. प्लासी का युद्ध ✔
2. दूसरा कर्नाटक युद्ध
3. बक्सर का युद्ध
4. पानीपत का तीसरा युद्ध

Q.115 अगस्त 2024 में, किस राज्य विधानसभा ने अनिवार्य मुस्लिम विवाह एवं तलाक पंजीकरण विधेयक, 2024 पारित किया था?

Ans
1. उत्तर प्रदेश
2. मेघालय
3. हिमाचल प्रदेश
4. असम ✔

Q.116 अक्टूबर 2024 में वित्तीय सेवा विभाग द्वारा शुरू किए गए विशेष अभियान 4.0 का मुख्य उद्देश्य क्या था?

Ans
1. विदेशी निवेश आकर्षित करना
2. कर्मचारी उत्पादकता बढ़ाना
3. राजस्व बढ़ाना
4. लंबित मामलों को कम करना और स्वच्छता को संस्थागत बनाना ✔

Q.117 सितंबर 2024 में आयोजित ग्लोबल बायो-इंडिया (Global Bio-India) में भारतीय स्टार्टअप्स द्वारा कितने बायोटेक उत्पाद लॉन्च किए गए, जो जैव विज्ञान में देश की उभरती प्रतिभा को उजागर करते हैं?

Ans
1. 7
2. 5
3. 14
4. 11 ✔

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.118 ग्लाइकोसिडिक आबंध द्वारा एक साथ जुड़े दस या दस से अधिक मोनोसैकराइड इकाइयों से युक्त एक बृहत्अणु (macromolecule) को __________ कहा जाता है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

Ans
1. मोनोसैकराइड
2. पॉलिसैकेराइड ✓
3. डाइसैकेराइड
4. ओलिगोसैकेराइड

Q.119 निम्नलिखित में से किसने गुप्त कांग्रेस रेडियो की स्थापना की थी, जिसने स्वतंत्रता और ब्रिटिश विरोधी प्रचार के संदेश प्रसारित किए थे और स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया था?

Ans
1. उषा मेहता ✓
2. अरुणा रॉय
3. सुनीता कृष्णन
4. कल्पना दत्ता

Q.120 भारत में उगाई जाने वाली दो मुख्य रेशेदार फसलें (fibre crops) निम्नलिखित में से कौन-सी हैं?

Ans
1. कपास और जूट ✓
2. ऊन और रेशम
3. रेयॉन और नायलॉन
4. सन (Flax) और पटसन (Hemp)

Prepp Your Personal Exam Guide